भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1030**

दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**पश्चिमी बंगाल सीमा पर बांग्लादेश से घुसपैठ**

**1030. श्री विवेक गुप्ता :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2012 से 2014 के दौरान पश्चिमी बंगाल की सीमा पर बांग्लादेश से हुई घुसपैठ की घटनाओं की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है:

(ख) इस अवधि के दौरान कितने घुसपैठिये पकड़े गए, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या हैः

(ग) सरकार द्वारा घुसपैठ रोकने हेतु किए गए अथवा किए जाने वाले उपायों का ब्यौरा क्या है;और

(घ) वर्ष 2009 से 2014 के दौरान प्रत्येक वर्ष पश्चिमी बंगाल की सीमा पर तैनात किए गए बीएसएफ तथा विशेष सशस्त्र बलों के अधिकारियों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) और (ख): वर्ष 2012 से 2014 तक की अवधि के दौरान पश्चिम बंगाल राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्लादेश की ओर से घुसपैठ की घटनाओं की संख्या और गिरफ्तार किए गए घुसपैठियों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| वर्ष | भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों की गिरफ्तारी (पश्चिम बंगाल राज्य) | |
|---|---|---|
| | मामलों की संख्या | गिरफ्तारी |
| 2012 | 484 | 1028 |
| 2013 | 986 | 2815 |
| 2014 | 886 | 2260 |

(ग): घुसपैठ रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम निम्नानुसार हैं:

- गश्त नाका (सीमा पर घात) द्वारा सीमाओं की चौबीसों घंटे चौकसी और संपूर्ण भारत-बांग्लादेश सीमा पर निगरानी चौकी स्थापित करके सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा सीमा पर प्रभावी आधिपत्य बनाए रखना।
- सीमा सुरक्षा बल के जल-विंग के जलयानों/स्पीड बोट्स/फ्लोटिंग बार्डर आउट पोस्ट (सीमा चौकी) की मदद से भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित नदी वाले क्षेत्रों में गश्त लगाई जा रही है और वहां आधिपत्य रखा जा रहा है।
- बाड़, गश्ती सड़कों, फ्लडलाइटिंग सिस्टम और अतिरिक्त सीमा चौकियों का निर्माण।
- सीमा पर आधिपत्य को और बढ़ाने के लिए दिन और रात्रिकालीन दृश्य उपकरणों के साथ उच्च-तकनीक वाले निगरानी उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है।
- सीमा पर अवैध प्रवास/मानव तस्करी के संबंध में संवेदनशील सीमा चौकियों(बीओपी) की सुभेद्यता का मापांकन किया गया है। अतिरिक्त जनशक्ति तैनात कर, विशेष निगरानी उपकरणों, वाहनों एवं अन्य अवसंरचनात्मक सहायता के द्वारा पहचान की गई इन सीमा चौकियों को मजबूती प्रदान की गई है।

(घ): सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) भारत-बांग्लादेश सीमा (पश्चिम बंगाल राज्य) पर सीमा रक्षक बल के रुप में केन्द्र सरकार द्वारा तैनात एकमात्र केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल है। वर्ष 2009 से 2014 तक की अवधि के दौरान तैनात बीएसएफ अधिकारियों (सहायक कमांडेंट एवं उससे ऊपर) की संख्या निम्नानुसार है:-

| 2009 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 |
|---|---|---|---|---|---|
| 309 | 386 | 423 | 423 | 429 | 573 |

***